हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, गुरुवार 20 जून 2024

[ नर्मदापुर | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी ]

06 बैतूल में होगा वंदे भारत मेट्रो का ट्रायल बैतूल....



07 कीचड़ में सफर करने के बाद अजनेरी हाई स्कूल...



### पॉलिसी के अभाव में जिले के अन्नदाता नहीं बेच पा रहे फसल

# सरकार की योजना नहीं बनने से मूंग खरीदी के लिए 67 हजार किसान परेशान

जिले के अन्नदाताओं ने ग्रीष्मकाल में फसल का उत्पादन तो कर चुके हैं, लेकिन सरकार की लेट लतीफी और खरीदी के लिए पॉलिसी नहीं बनने से जिले के अन्नदाता परेशान हैं। इतना ही नहीं योजना निर्धारण नहीं होने से घबराए हुए अन्नदाता अपनी मेहनत मूंग को कम भाव में बेचने को विवश हैं। किसानों का कहना है कि सरकार को किसान हित शीघ्र पॉलिसी बनाकर खरीदी शुरू कराना चाहिए।



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

एक ओर जहां केन्द्र और राज्य सरकार किसान हितों को ध्यान में रखते हुए योजनाओं को बनाने का दावा कर रही है तो वहीं नर्मदांचल के अन्नदाता वर्ष की तीसरी फसल मूंग को बेंचने के लिए परेशान हैं। किसानों का कहना है कि फसल बुआई के बाद नर्मदापुरम जिले के अन्नदाताओं के साथ प्रशासन द्वारा सिंचाई के लिए दोयम दर्जे का व्यवहार किया गया था। जिसमें चुनाव के पूर्व हरदा जिले को पहले तवा जलाशय की नहर के पानी का लाभ दिया गया था, तो वहीं जिले के अन्नदाता पानी के लिए भी परेशान रहे। अब फसल कटने के बाद वाजिब दाम में किसान अपनी उपार्जन को बेंचने के लिए भटक रहे हैं।

### 2 लाख हेक्टेयर भूमि पर हुई बोवनी

जिला प्रशासन द्वारा मूंग की फसल के उत्पादन के लिए अन्नदाताओं को प्रोत्साहित किया गया था। उत्साह से भरे किसानों ने करीब 2 लाख हेक्टेयर भूमि पर मूंग की बोवनी की थी। वहीं 67 हजार किसानों ने अपनी उपज को बेंचने के लिए पंजीयन कराया है। पंजीयनधारी किसान सरकार की पॉलिसी का निर्धारण नहीं होने से करीब 1500 रूपए प्रति क्विंटल कम भाव में बेंचने को विवश हैं। इटारसी तहसील के ग्राम सोमलवाड़ा के किसान सत्यपाल सिंह ने बताया कि ऑर्थिक परेशानी को देखते हुए कम भाव में मूंग बेंच रहे हैं। सरकार द्वारा 8 हजार 558 रूपए प्रति क्विंटल खरीदी का मूल्य निर्धारित किया है। वहीं बाजार में 7 हजार से 7.50 हजार रूपए के बीच मूंग की खरीदी हो रही है।

### 3-4 दिन में आ सकती है मूंग खरीदी की पॉलिसी

कृषि विभाग के उपसंचालक जेआर हेड़ाऊ ने बताया कि मूंग खरीदी के लिए सरकार द्वारा 3-4 दिनों में पॉलिसी निर्धारित की जाएगी। उसके उपरांत निर्धारित होने वाले केन्द्रों पर किसानों से मूंग खरीदी शुरू हो सकेगी।

## जिला अस्पताल में मना विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार सिकल सेल जागरुकता अभियान जिला चिकित्सालय में आयोजित किया गया। जिसमें एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी द्वारा जिला चिकित्सालय में भर्ती पिपरिया के रोहित साहू उम्र 16 वर्ष एवम सुमित पिता उमाशंकर ग्राम कामती बनखेड़ी जो सिकल सेल बीमारी से पीड़ित हैं। जिनके परिजन बाहर जाकर बच्चो ब्लड को लगवाते है। जिला रेडक्रॉस की पहल पर प्रथम बार जिला चिकित्सालय में ब्लड लगवाया। डॉ. आर सी प्रजापति सिविल सर्जन एवं सचिव रेडक्रॉस ने कहा कि जब भी बच्चो को ब्लड की आवश्यकता होगी हम उपलब्ध कराएंगे। डॉ. संजय पुरोहित ने बताया कि सिकल सेल थैलेसीमिया एनीमिक के मरीजों के लिए जिला अस्पताल से दवाई उपलब्ध करा दी जाएगी। बच्चो को रक्त लगाने में डॉ. राजेश माहेश्वरी, रेखा कापसे, धीरेन्द्र दुबे, जानकी पटेल, योगिता कौशिक ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर उदित्त द्विवेदी, किसान केशव साहू आदि स्टॉप उपस्थित रहा ।

# सिपाही से झूमाझटकी करने वाले आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम में 30 मई को एसडीएम के सिपाही से झूमाझटकी कर रेत से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली ले जाने वाले रेत माफिया को पुलिस ने 20 दिन बाद अरेस्ट किया। मंगलवार को देहात थाना पुलिस ने रेत माफिया गोलू कहार व उसके साथी निलेश यादव और ड्राइवर राजा पासी को मालाखेड़ी से पुलिस ने अरेस्ट किया। पुलिस ने वो रेत की ट्रैक्टर-ट्रॉली भी पकड़ी। जिसे सिपाही से झूमाझटकी कर ले गए थे। जानकारी के अनुसार 30 मई को दोपहर में कलेक्टर सोनिया मीना माखननगर से अपनी टीम के साथ दौरा करके लौट रही थी। करीब दोपहर 12 बजे कलेक्टर की गाड़ी के पीछे गाड़ी से चल रही एसडीएम नीता कोरी ने मालाखेडी से संकल्प मॉल के सामने रेत से भरी एक ट्रैक्टर-ट्राली को रेत का अवैध परिवहन करते पकड़ा। ट्रैक्टर ट्राली की निगरानी के लिए एसडीएम कोरी ने सिपाही शिवपाल सिंह को छोड़कर, कलेक्टर के साथ पायलेटिंग में आगे निकल गई। कुछ देर बाद रेतमाफिया गोलू कहार, नीलेश मौके पर पहुंचा था। सिपाही से ट्रैक्टर की चॉबी छुड़ाने के लिए बदतमीजी, झूमाझटकी की। उसे धमकाते हुए ट्रैक्टर-ट्राली ले गए। सिपाही ने युवक का मोबाइल छुड़ाकर अपने पास रख लिया था। घटना के बाद एसडीएम नीता कोरी ने तहसीलदार, पटवारी और सिपाही को ट्रैक्टर ले जाने वाले युवक के खिलाफ एफआईआर कराने थाने भेजा। जहां एफआईआर कराने में करीब 7 घंटे का वक्त लगा था। जिसमें रेत माफिया गोलू कहार, नीलेश और उसके ड्राइवर के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा की धारा 353, 332, 186, 34 के तहत केस दर्ज हुआ था। देहात थाना टीआई प्रवीण चौहान ने बताया 20 दिन पुराने मामले में आरोपी गोलू कहार, नीलेश यादव व राजा फरार चल रहे थे। आज तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## पल्स पोलियो अभियान 23 से 25 जून तक चलाया जाएगा

**नर्मदापुरम।** पल्स पोलियों अभियान 23 से 25 जून तक प्रदेश के समस्त जिलों में आयोजित किया जाएगा। जिसके तहत 0 से 05 वर्ष के सभी बच्चों को सूचीबद्ध कर दो बूंद जिन्दगी की खुराक पिलाई जाएगी। 23 जून 2024 को आयोजित पल्स पोलियों दिवस पर बूथ को आकर्षण बढ़ाने के लिए सरपंच/सचिव/ सहायक सचिव द्वारा आवश्यक सहयोग किया जाएं, ग्राम पंचायतों में प्रभातफेरी के आयोजन में सचिव / सहायक सचिवों का नेतृत्व स्थानीय चौकीदार द्वारा डुगडुगी पिटवाकर जन-जन को पोलियों का संदेश दिया जाएं।

# भाजपा की संगठनात्मक कार्यक्रमों की हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर बुधवार दोपहर आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर बैठक संपन्न हुई। बैठक में विधानसभा एवं लोकसभा चुनाव में जो जीत मिली है वह कार्यकर्ताओं की मेहनत और सक्रियता का परिणाम है। बैठक में आगामी 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के प्रत्येक मंडल में योग शिविर कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। वहीं 23 जून को पार्टी के प्रेरणास्त्रोत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के स्मृति दिवस पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के कार्यक्रम आयोजित किये जाऐंगे। वहीं पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी डॉ. मुखर्जी के त्याग, बलिदान पर विचार व्यक्त करेंगे।

26 जून से 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम का वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा। वहीं 25 जून को आपातकाल का काला दिवस पर व्याख्यान गोष्ठी आयोजित की जाएगी। वहीं 30 जूनको प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात कार्यक्रम को सभी बूथों पर सुना जाएगा। बैठक में जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल ने स्वागत भाषण दिया। वहीं प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी पंकज जोशी ने कहा कि नर्मदापुरम एवं बैतूल की जीत का श्रेय आप सभी कार्यकर्ताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा दिये गये सभी कार्यो को मंडल एवं बूथ स्तर तक पार्टी के सभी मोर्चा प्रकोष्ठ संपन्न कराने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करें। उन्होंने कहा कि मंडलों में बैठक कर बूथ एजेंट का सम्मान करें होशंगाबाद-नरसिंहपुर सांसद वं किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष दर्शनसिंह चौधरी ने कहा कि आप सभी के अथक परिश्रम से देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार बन गई है अब हमें संगठन द्वारा दिये हर कार्य को पूरी सक्रियता के साथ निभाना है। किसान भी संगठन के कार्य को बूथ स्तर तक करेगा।

# जिलेभर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम कल होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सोनिया मीना ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को नर्मदापुरम जिले के पर्यटन स्थल धूपगढ, मढई में एवं दर्शनीय स्थल तिलक सिंदूर एवं सेठानी घाट में भव्य योगा के कार्यक्रम किए जाएंगे। जिले के सभी तहसील एवं विकासखण्डों में तथा स्कूलों में भी योगा के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सेठानी घाट में जिला स्तरीय योगा का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें समाज के प्रबुद्ध वर्ग, गणमान्य नागरिक, स्कूल के छात्र छात्राएं, खिलाडी, पॉलिटेक्निक एवं आईटीआई कॉलेज के छात्र छात्राएं, विभिन्न क्षेत्र में प्रसिद्ध व्यक्तिगण योगा के कार्यक्रम में अपनी सहभागिता निभाएंगे। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को योगा के कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर ने बुधवार को योगा, पौधरोपण एवं 5 जून से 16 जून तक आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान में किए गए कार्यो की समीक्षा की। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्य पालन अधिकारी श्री एस.एस. रावत द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यो की प्रगति का प्रस्तुतीकरण किया गया। श्री रावत द्वारा अवगत कराया गया कि अभियान के दौरान ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा योजना, पंचायतीराज की निधियों से जल संवर्धन एवं संरक्षण के नवीन कार्य एवं जीर्णोद्धार के कार्य स्वीकृत किये गये हैं। उक्त कार्यों में मुख्य रूप से रूफ वॉटर हार्वेस्टिंग, तालाबों की मरम्मत, नवीन तालाब, पुरानी बावडियों एवं कूपों का जीर्णोद्धार तथा सोकता गडडों को लिया गया है। अभियान के दौरान जल संवर्धन के कार्यों की पूर्णता भी सुनिश्चित की गई है।

## बगैर नियम के दौड़ रहे 9 ऑटो पर कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** शहर में बुधवार को यातायात पुलिस ने बगैर परमिट, पीयूसी, फिटनेस और अधूरे दस्तावेज के साथ दौड़ रहे ऑटो की जांच की गई। शहर में अलग अलग स्थानों पर यातायात पुलिस ने जांच की। 9 ऑटो को पकड़े गए जिनके पास परमिट, पीयूसी, फिटनेस और दस्तावेज तक नहीं थे। अभी ऑटो को जप्त कर ट्रैफिक थाने में खड़े कराया गया। ऑटो ड्राइवरों से 2000 और 3000 रुपए का चालान वसूल किया गया। ट्रैफिक थाना प्रभारी रंजू उइके ने बताया ऑटो की जांच की गई है। ऑटो के फिटनेस पीयूसी फिटनेस और दस्तावेज देखे गए। 9 ऑटो को पकड़ा गया। जिनके बिना फिटनेस और बिना परमिट वाले ऑटो से 2000 रुपए और बिना पीयूसी वालों पर 3हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया।

### दूसरे चरण का स्वच्छता अभियान जारी

# चैंबरों की सफाई और उनके ढंकने का कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नगरपालिका द्वारा दूसरे चरण का स्वच्छता अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। बारिश का मौसम नजदीक होने के कारण बाजार क्षेत्र में नपा ने अपनी पूरी टीम को लगा दी है। नगरपालिका परिषद द्वारा बाजार क्षेत्र में खुले और कचरे से भरे चैंबरों की सफाई और उनके ढंकने का कार्य प्रारंभ कर दिया।





जल्द ही उक्त कार्य पूरा कर लिया जाएगा। स्वच्छता प्रभारी कमलेश तिवारी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू यादव के विशेष निर्देश और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले के नेतृत्व में नागरिकों की और व्यापारियों की मांग पर बाजार क्षेत्र में दूसरे चरण का स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत खुले पड़े चैंबर को साफ कर बंद किया जा रहा है। नपाध्यक्ष नीतू यादव और मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले ने नगर के नागरिक और व्यापारीगणों से आग्रह किया है वे नाले नालियों में कचरा न डालें। अपने प्रतिष्ठान, दुकान के सामने डस्टबिन में कचरा एकत्रित करें और कचरा वाहन आने पर उसमें डालें। उन्होंने कहा कि शहर आपका अपना है शहर को स्वच्छ बनाए रखने में सहयोग करें।

# प्रशिक्षु पटवारियों का प्रशिक्षण शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





राजस्व विभाग द्वारा जिला पंचायत के सभागार कक्ष में आयोजित प्रशिक्षु पटवारी के प्रशिक्षण कार्यक्रम में राज्य आनंद संस्थान की टीम द्वारा दो दिवसीय अल्पविराम सत्र कलेक्टर सोनिया मीना के मार्ग दर्शन मे संचालित किया गया। मास्टर ट्रेनर गणेश दमाडे, कार्यक्रम समन्वयक और मास्टर ट्रेनर सुमन सिंह ने जीवन के लेखे जोखे पर चर्चा करते हुए कुछ प्रश्न के माध्यम से अनुकूल एवं प्रतिकूल स्थिति में भी हम कैसे आनंदित रह सकते हैं बताया। मास्टर ट्रेनर अश्वनी मालवीय ने बताया अपनी कमियों पर पर्दा डाल लोगों को अपनी असलियत पता नहीं होने देते लेकिन जब हम शांत समय लेकर अपने अंदर झांकते है तो अपनी आत्मा हमकों हमारे असली रूप से मिलवाती है जो ये भी बताती है कि यही नकली मुखोटा हमको दिखावे के चक्कर मे अंदर से आनंदित होने से रोकता है। इसलिए बहुत जरुरी है कि हम रोज शांत समय ले और अपने आप से बाते करना शुरू करें। आनंदक सहयोगी राम भरोश मीना ने शरीर और आत्मा के पोषण पर बात रखी। प्रशिक्षण के समापन पर अपर कलेक्टर वीके सिंह, संयुक्त कलेक्टर अनिल जैन, तहसीलदार देवी शंकर धुर्वे, सहायक अधीक्षक भूअभिलेख उमेश भार्गव, आरआई दिनेश प्रधान, राजेंद्र कुशवाह, नेहा मौजूद रहीं।

## विकास कार्यों की समीक्षा बैठक 24 जून को

**नर्मदापुरम।** प्रभारी अपर मुख्य सचिव, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण एवं विमुक्त घुमन्तु एवं अर्धघुमन्तु जनजाति विभाग नर्मदापुरम संभाग अजीत केसरी नर्मदापुरम संभाग की अध्यक्षता में नर्मदापुरम संभाग के मान. जन प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की संभागीय समीक्षा बैठक का आयोजन आयुक्त नर्मदापुरम सभाकक्ष में 24 जून को अपरान्ह 01 बजे से किया गया है। नर्मदापुरम संभाग के हरदा, नर्मदापुरम एवं बैतूल जिला कलेक्टर्स, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्र के संबंधित जन प्रतिनिधिगण को सादर आमंत्रित करें तथा स्वयं भी वांछित जानकारी सहित बैठक में उपस्थित रहें।

## जिले में अभी तक 28.7 मिमी वर्षा दर्ज

**नर्मदापुरम।** जिले में स्थापित वर्षा मापी केन्द्रों पर जिले में जून माह में 19 जून को प्रातः 8 बजे तक 28.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इसी अवधि में 2.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू अभिलेख नर्मदापुरम ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि 19 जून को प्रातः 8 बजे तक नर्मदापुरम में 3 मिमी, सिवनीमालवा में 16, इटारसी में 1, माखननगर में 6, सोहागपुर में 23.4, पिपरिया में 17, बनखेड़ी में 6.4, पचमढ़ी में 40 एवं डोलरिया में 3.4 मिमी वर्ष दर्ज हुई है। जिले की औसत वर्षा 1370.5 मिली मीटर है।

## लोस चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों का अंतिम व्यय लेखा प्रशिक्षण कल

**नर्मदापुरम।** लोकसभा निर्वाचन 2024 का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों/लेखा अभिकर्ताओं को रिटर्निंग ऑफीसर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी लोकसभा क्षेत्र होशंगाबाद 17 ने बताया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा- 78 के अनुसार निर्वाचन परिणाम घोषणा के 30 दिवस के अंदर लोकसभा निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को जिला निर्वाचन अधिकारी को अंतिम लेखा दाखिल किये जाने के निर्वाचन आयोग के निर्देश है।

### स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत प्रवेशोत्सव में हुआ पुस्तकों का वितरण

# अभिभावकों से शाला गतिविधि पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

स्कूल चले हम अभियान अंतर्गत शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का 18 जून से शुभारंभ हो चुका है । शाला प्रवेश उत्सव के प्रथम दिन सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने चांदौन के स्कूल में तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांडिया में सहभागिता निभाई। इसी क्रम में राज्यसभा सांसद माया नारोलिया ने आईटीआई स्कूल, विधायक डॉ सीतासरन शर्मा ने कन्या स्कूल इटारसी में सिवनीमालवा विधायक प्रेम शंकर वर्मा ने बघवाडा के स्कूल में पहुंचकर अपनी सहभागिता निभाई। इस दिन बच्चों को शाला में प्रवेश कराया गया तथा बच्चों को विशेष मध्यान भोजन दिया गया। स्कूल चले हम अभियान के दूसरे दिन 19 जून को सभी शालाओं में अभिभावकों के साथ शाला गतिविधियों पर चर्चा की गई, जिसमें प्रमुख रूप से कक्षा वार विषय खंड, शैक्षणिक कैलेंडर, अध्ययन अध्यापन प्रक्रिया,



अभिभावक शिक्षक बैठकों, सह शैक्षणिक गतिविधियों, शाला में उपलब्ध सुविधाओं आदि की जानकारी अभिभावकों को दी गई। कक्षा बार उपयोगी स्टेशनरी सामग्री की जानकारी अभिभावकों को दी गई और निशुल्क पाठ्य पुस्तकों का वितरण विद्यार्थियों को किया गया। स्कूल चले हम अभियान के तीसरे दिन गुरूवार 20 जून को भविष्य से भेंट कार्यक्रम आयोजन किये जाएंगे, जिसमें जनप्रतिनिधियों, समाज के विभिन्न क्षेत्र के प्रसिद्ध, प्रभावशाली, प्रबुद्ध एवं सम्मानित व्यक्तियों को एक प्रेरक की भूमिका में विद्यार्थियों से भेंट हेतु आमंत्रित किया जाएगा। शाला में विद्यार्थियों से भेंट हेतु अन्य उच्च व्यक्तियों के लिए शाला चयन की ऑनलाइन सुविधा लिंक के द्वारा उपलब्ध रहेगी। शिक्षित, व्यक्ति किसी एक शाला का चयन कर विद्यार्थियों से भेंट हेतु जाएंगे। स्थानीय स्तर पर विशिष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, संस्कृति कर्मी समाजसेवी, उद्योगपति, उन्नत एवं सफल किसान,व्यवसायी मीडिया और संचार मित्रों, सैन्य और पुलिस अधिकारी, वरिष्ठ शासकीय अधिकारियों आदि के मध्य उक्त कार्यक्रम का व्यापक प्रचार प्रसार किया जा रहा है। आमंत्रित व्यक्ति इस दौरान विद्यार्थियों को पढाएंगे एवं शाला को उपयोगी वस्तुएं भेंट कर सकेंगे।

# बुजुर्गों के निवास पर आधार अपडेट कराने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



आधार कार्ड अपडेट होने से प्रदेश के 1 लाख से अधिक बुजुर्ग सरकार की विभिन्न प्रकार की योजनाओ में मिलने वाली पेंशन पाने से वंचित हो गए हैं,मप्र झुग्गी-झोपड़ी-प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक डॉ.अखिलेश खंडेलवाल ने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नाम ज्ञापन भाजपा प्रदेश महामंत्री भगवानदास सबनानी को सौंपते हुए। उक्त मामले में बताया कि यह अत्यंत संवेदनशील विषय है क्योंकि आधार कार्ड अपडेशन के कारण प्रदेश के जिन बुजुर्ग जनों का नाम योजनाओ से हट गया है। उनमें पात्र परिवार भी हैं और ऐसे अनेक लोग हैं जिनको यह जानकारी भी नहीं है कि उनका नाम काट दिए गए हैं और शासन द्वारा नाम जुडाने के लिए दिया समय काफी सीमित है। ज्ञापन के माध्यम से झुग्गी-झोपड़ी-प्रकोष्ठ ने मांग रखी कि मुख्यमन्त्री जी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करें कि वो जिलों में विशेष शिविर लगाकर एवं चिह्नित बुजुर्गों के निवास पर जाकर उनके नाम जोड़ें ताकि पात्र बुजुर्ग पेंशन पाने से वंचित न रहें। ज्ञापन देते समय झुझोप्र के पूर्व प्रदेश संयोजक महेश जोशी,प्रदेश कार्यालय प्रमुख डॉ. राजकुमार मालवीय उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### प्रोफेसर पर हमले का मामला, एसपी से मिले



**बैतूल।** विगत दिनों जेएच कॉलेज में कार्यरत सहायक प्राध्यापक नीरज धाकड़ पर कुछ लोगों के द्वारा जानलेवा हमला किया गया। जिसमें गंभीर रूप से घायल होकर प्रो.धाकड़ भोपाल में उपचार कर रहे हैं। जिससे आक्रोशित अखिल भारतीय किराड महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस प्रशासन से मुलाकात कर आरोपियों के मकान पर बुलडोजर चलाने की मांग करते हुए कहा कि आरोपियों पर तत्काल कार्रवाई नहीं की गई तो समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस अवसर पर किराड महासभा के जिला अध्यक्ष दयाल पटेल हरोडे, रोशनलाल पटैय्या, युवा प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मदनलाल डढोरे आदि ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की।

### स्वयंसेवकों ने अस्पताल में मरीजों को फल बांटे

**बैतूल।** स्वयंसेवक अपनी किसी भी खुशी के अवसर पर पौधरोपण, मरीजों को आहार-फल वितरण या स्वच्छता अभियान चलाते हैं। जेएच कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेवका गंगा बुडगरिया ने अपने जन्मदिन के अवसर पर जिला चिकित्सालय में ने फल का वितरण किया। इस मौके पर गंगा बुडगरिया ने कहा कि इस तरह सेवा कार्य से खुशी दुगनी हो जाती है सभी को आगे आकर समाजहित में कार्य करना चाहिए।

### पाठक नर्मदापुरम, बैतूल और हरदा के पर्यवेक्षक

**बैतूल।** परीक्षा नियंत्रक मप्र लोक सेवा आयोग इंदौर के द्वारा राज्य सेवा एवं वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2024 के लिए सेवानिवृत्त आईएएस राजकुमार पाठक को संभागीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। पाठक बैतूल, हरदा और नर्मदापुरम के लिए प्रभारी होंगे। यह परीक्षा 23 जून को आयोजित होगी। संभागीय पर्यवेक्षक पाठक परीक्षा से 2 दिन पूर्व 21 जून को परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण करेगे।

### थाना रानीपुर में ऊर्जा डेस्क का शुभारम्भ

**बैतूल।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक निश्चल झरिया ने मंगलवार रानीपुर पुलिस थाने में ऊर्जा महिला डेस्क का शुभारंभ किया। उन्होंने क्षेत्र के ग्रामीणों को संबोधित करते हुए बताया कि महिलाएं पुरुष को अपनी आपबीती बताने में कतराती थी अब ऊर्जा महिला डेस्क में पुलिस महिला पुलिस अधिकारी उपस्थित रहेगी और अब पीड़ति महिला अपनी आपबीती खुलकर महिला के सामने बता सकेंगी।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन

**बैतूल।** उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन द्वारा जेएच कॉलेज का प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के रूप में उन्नयन किया गया है। इस हेतु महाविद्यालय में स्नातक स्तर पर मनोविज्ञान विषय खोला जा रहा है। साथ ही महाविद्यालय में 18 सहायक प्राध्यापकों के पद स्वीकृत किए गए हैं। महाविद्यालय में बीएड पाठ्यक्रम प्रारंभ करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। साथ ही किस्प के माध्यम से बीकॉम (रिटेल मैनेजमेंट) और बैंकिंग फाइनेंस एंड इंश्योरेंस स्किल आधारित पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किए जा रहे हैं। नवीन विषयों को प्रवेश पोर्टल पर प्रदर्शित किया जा चुका है। महाविद्यालय को कैंपस डेवलपमेंट के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों यथा रंगाई, पुताई, प्लास्टर, जल आपूर्ति, विद्युत व्यवस्था, प्रसाधन कक्षों की मरम्मत की जाएगी साथ ही महाविद्यालय में विद्यावन, हिन्दी ग्रन्थ अकादमी का काउंटर भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ, विवेकानंन्द युवा संसाधन केन्द्र की स्थापना की जा रही है। महाविद्यालय की प्रयोगशालाओं को अत्याधुनिक उपकरणों से सुसज्जित किया जा रहा हैं। महाविद्यालय के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का विधिवत उद्घाटन 1 जुलाई 2024 को किया जाएगा।

### जुलाई में हो सकती है शुरुआत, ट्रेन तैयार अब शेड्यूल का इंतजार

# बैतूल में होगा वंदे भारत मेट्रो का ट्रायल
# बैतूल-सागर-शाजापुर को मिलेगी सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल



बैतूल जिले वासियों को एक खुशखबरी मिलने का समय नजदीक आ गया है। बैतूल से भोपाल और भोपाल से बैतूल के लिए वंदे भारत मेट्रो ट्रेन चलने की तारीख नजदीक आ गई है। उम्मीद है कि यह मेट्रो ट्रेन जुलाई में शुरू हो सकती है। इससे वर्षों से भोपाल आने जाने के समय परेशानी झेल रहे जिले वासियों को राहत मिल जाएगी।वंदे भारत मेट्रो ट्रेन अब बहुत जल्द छोटे शहरों तक पहुंचने वाली है। ऐसे ही कुछ शहरों का चयन कर लिया गया है जिन्हें वंदे भारत के जरिए राजधानी भोपाल से जोड़ा जाएगा। मेट्रो ट्रेन तैयार है बस ट्रॉयल रन होते ही शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।

#### छोटे शहरों के लिए मेट्रो की शुरुआत

मध्य प्रदेश के कुछ शहरों को बड़ी बेसब्री से वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का इंतजार है। जिन शहरों में मेट्रो को चलाए जाने की संभावना है उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है क्योंकि जल्द ही वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का ट्रायल रन शुरू होने जा रहा है। ट्रायल रन के बाद शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा। मध्य प्रदेश के 3 शहरों बैतूल, शाजापुर और सागर को वंदे भारत मेट्रो के जरिए राजधानी भोपाल से जोड़ा जाएगा। वंदे भारत मेट्रो का पहला रैक चेन्नई के आईसीएफ में बन कर ट्रायल रन के लिए रवाना हो चुका है। ट्रायल रन के बाद रेल मंत्रालय इसी महीने के आखिर में शेड्यूल जारी कर सकता है।

#### एमपी के इन शहरों को सौगात

वंदे भारत मेट्रो का भले ही फाइनल शेड्यूल जारी नहीं किया गया है लेकिन रेलवे के अनुसार राजधानी भोपाल से 200 किमी की दूरी वाले शहरों को वंदे भारत मेट्रो के जरिए राजधानी से जोड़ा जाएगा। इनमें बैतूल, सागर और शाजापुर को शामिल किया जा रहा है। भोपाल से बीना होते हुए वंदे भारत मेट्रो सागर चलेगी। भोपाल से होशंगाबाद होते हुए बैतूल और भोपाल से सीहोर होते हुए शाजापुर तक चलेगी। माना जा रहा है कि जून के अंत तक फाइनल शेड्यूल घोषित किया जा सकता है। फाइनल शेड्यूल आने के बाद भी ट्रेनों के रूट में कुछ बदलाव भी हो सकता है। रेलवे के अनुसार जुलाई में वंदे भारत मेट्रो ट्रेन की शुरुआत हो सकती है।

#### ट्रायल रन के लिए चेन्नई से कोटा पहुंची मेट्रो

चेन्नई में तैयार होने के बाद वंदे भारत मेट्रो ट्रेन ट्रायल रन के लिए चेन्नई से कोटा के लिए रवाना हो चुकी है. पिछले दिनों इसे मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ रेलवे स्टेशन पर देखा गया था। यह ट्रेन कोटा पहुंच चुकी है। यहां स्पीड और लोड टेस्टिंग और आक्सीलरेशन (कंपन्न) टेस्ट की तैयारी जोरों से चल रही है। चेन्नई आईसीएफ में बनाई गई वंदे भारत मेट्रो ट्रेन में 12 कोच हैं। फिलहाल इसे पैसेंजर ट्रेन के साथ लगाकर लोकोमोटिव के द्वारा ट्रायल रन के लिए लाया गया है। इसके अलावा एक 16 कोच की वंदे भारत मेट्रो आईसीएफ कपूरथला में भी लगभग बनकर तैयार है।

#### पूरी तरह स्वदेशी और आधुनिक मेट्रो

कहा जा रहा है कि वंदे भारत मेट्रो ट्रेन रोज सफर करने वाले लोगों का सफर आरामदायक करने जा रही है। स्वदेशी तकनीक से बनी ये आधुनिक मेट्रो ट्रेन पूरी तरह एयर कंडीशंड है और इसमें ऑटोमेटिक डोर लगे हैं। ट्रेन चलने के बाद कोई यात्री दरवाजे पर खड़े नहीं हो सकेगा। मेट्रो ट्रेन में पैनोरामिक विंडो और मॉडर्न टॉयलेट में इंटरनेशनल स्टेंडर्ड के सामान का उपयोग किया गया है। एक कोच में 100 यात्री बैठकर और 200 खड़े होकर सफर कर सकते हैं। मेट्रो की स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटे तक है। ट्रेन का किराया स्लीपर क्लास के बराबर या 15 फीसदी ज्यादा हो सकता है।

## प्रधानमंत्री सम्मान निधि से बदल गई किसानों की दशा

### सिंगल क्लिक के माध्यम से 20 हजार करोड़ रु. की राशि किसानों के खाते में हुई अंतरित



**बैतूल।** प्रधानमंत्री सम्मान निधि ने किसानों को दशा और दिशा दोनों ही बदल दी। यह बात केन्द्रीय राज्यमंत्री और बैतूल के सांसद डीडी उईके ने कही। केन्द्रीय राज्य मंत्री उईके बैतूल बाजार स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में प्रधानमंत्री सम्मान निधि की 17वीं किश्त के ऑनलाइन वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक श्री हेमंत खंडेलवाल, डॉ.योगेश पंडाग्रे, श्रीमती गंगा उईके, चंद्रशेखर देशमुख एवं जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार भी उपस्थित थे।

#### 9.26 करोड़ किसान हुए लाभान्वित

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सिंगल क्लिक के माध्यम से 9.26 करोड़ किसानों के खाते में 17वीं किसान सम्मान निधि की राशि 20 हजार करोड़ रुपये हस्तांतरित की गई। प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने एवं कृषि में महिलाओं की बढ़ती भूमिका जैसे ड्रोन दीदी तथा कृषि सखी के रूप में उल्लेख किया। उईके ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंच रहा है तथा महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा अनाज की खरीदी एवं स्कूल ड्रेस बनाने जैसे रोजगार मिलने से अपने पैरों पर खड़ी है। उन्होंने कहा कि बिचौलियों के कारण किसानों को पूरी राशि का भुगतान नहीं हो पाता था। अब किसानों के खाते में सीधे राशि जमा हो जाने से हितग्राहियों को शत-प्रतिशत भुगतान हो रहा है।

#### कृषि सखी को मिले प्रशंसा पत्र

*कार्यक्रम में कृषि सखियों को उनके योगदान के लिए केन्द्रीय राज्य मंत्री उईके एवं विधायकगणों द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए गए। मातृ शक्ति के योगदान के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए उईके ने कहा कि देश की संस्कृति और संस्कार की पहली पाठशाला मां होती है। उन्होंने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार के द्वारा किसान सम्मान निधि के माध्यम से किसानों को कृषि कार्य में मदद मिल रही है और उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है, जिससे हितग्राही लाभान्वित हो रहे है।*

## तेज हवा और आंधी तूफान से उड़ी स्कूल की छत, मुडेर में था नागराज का बसेरा

**भैसदेही।** तेज हवा और आंधी तूफान से स्कूल की टीन शीट छत उड़ गई। जब प्रधानपाठक और अन्य ग्रामीण स्कूल पहुंचे तो उनके होश उस वक्त फाख्ता हो गए, क्षतिग्रस्त बाथरूम में सांप को दीवार पर चढ़ते हुए देखा। घटना भैसदेही क्षेत्र के धुड़िया गांव में स्थित प्राथमिक शाला की है।

बताया जा रहा है कि सोमवार दोपहर करीब 3 बजे तेज और तूफानी हवाएं चली। तेज हवा के कारण स्कूल की टीनशीट मुंडेर तोड़कर उड़ गई। यह तो शुक्र था कि सोमवार को ईद की छुट्टी होने के कारण स्कूल में कोई भी मौजूद नहीं था, अन्यथा बड़ी घटना से भी इनकार नहीं किया जा सकता था। स्कूल की शिक्षिका प्रधानपाठक अरुणा महाले ने बताया कि स्कूल की क्षतिग्रस्त छत के संबंध में कई बार अधिकारियों को आवेदन देकर अवगत भी कराया था। आवेदन में स्कूल में जहरीले जीव-जंतुओं की आशंका भी जताई थी। लेकिन अधिकारियों ने कोई ध्यान नहीं दिया। सोमवार को तेज हवा के कारण टीन शीट उड़ गई। जिसकी सूचना बीआरसी को दी गई है।

**पहले भी दिख चुकी थी सांप की केचुली :** स्कूल की शिक्षिका अरुणा महाले ने बताया कि पहले भी कई बार साँप की केचुड़ी स्कूल की मुडेर और बाथरूम के अंदर दिखाई दी थी। इसलिए बच्चों के लिए वैकल्पिक बाथरूम बनाया दिया था, किन्तु हमेशा डर तो लगा रहता ही था। लेकिन जब छत उड़ी तो सांप बाथरूम के अंदर था। दीवार पर चढ़ने की कोशिश कर रहा था। सांप करीब 3-4 फीट लंबा था। छत उड़ने से पूरा स्कूल भी तहस- नहस हो गया। धुडिया के प्राथमिक शाला स्कूल में कक्षा 1 से 5 तक की क्लासेस संचालित होती है। जिसमें कुल 74 बच्चों की संख्या दर्ज है। वही दो शिक्षक पदस्थ है। शिक्षिका अरुणा महाले ने बताया कि छत उड़ने के बाद फिलहाल पंचायत ने वैकल्पिक व्यवस्था की है।

**इनका कहना है**

मेडम ने आवेदन दिया है। निरीक्षण करके पंचनामा बनाया जाएगा। फिलहाल क्लास लगाने के लिए जो भी व्यवस्था हो सकती है कि जाएगी।

**बलदेव उइके,** बीआरसी, भैसदेही

### शिकायत के बाद एसआई के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है

## भैंसदेही में पदस्थ एसआई ने फोन पर दी गालियां, एसपी ने किया लाइन अटैच

**बैतूल।** जिले के भैंसदेही थाने में पदस्थ एसआई फतेहबहादुर सिंह के विरूद्ध मोबाइल पर गाली-गलौज करने और धमकी देने की शिकायत मंगलवार को ग्रामीणों ने एसपी से की थी। इस पर एसपी ने एसआई को लाइन अटैच कर दिया है। इसके साथ ही एसआई के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है। आवेदक योगेश चढ़ोकर ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत करते हुए इस संबंध में उचित दंडात्मक कार्रवाई की मांग की थी। योगेश चढ़ोकर के अनुसार, घटना 15 जून 2024 की है। उनके पिता, का अपेंडिक्स का ऑपरेशन परतवाड़ा में हुआ था। वे वहीं भर्ती थे। उस बीच उनके मोबाइल नंबर पर भैंसदेही थाना में पदस्थ एसआई फतेहबहादुर सिंह के नंबर से फोन आया। एसआई ने बिना परिचय दिए सीधे गंदी गालियां दी। योगेश ने अपने पिता के मोबाइल से बात की तो उक्त उन्हें भी गंदी गालियां दीं। साथ ही धमकी दी कि वह उन्हें घर से उठाकर घसीट-घसीट कर मारेगा। इस घटना के बाद योगेश ने अपने बड़े भाई का नंबर उस एसआई को दिया। जिसके बाद उस नंबर पर भी धमकी भरे कॉल आए। इन सभी कॉल की रिकॉर्डिंग योगेश के मोबाइल में सुरक्षित है। इस घटना की शिकायत करने के लिए योगेश की माता और बड़ी मां 17 जून 2024 को भैंसदेही थाने गईं। वहां एसआई फतेहबहादुर सिंह ने उन्हें भी डांट-फटकार कर भगा दिया।



**एसआई के खिलाफ जांच भी शुरूः** योगेश चढ़ोकर ने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया था कि भैंसदेही थाना में पदस्थ एसआई फतेहबहादुर सिंह के खिलाफ कड़ी दंडात्मक कार्रवाई की जाए ताकि न्याय मिल सके और भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने एसआई को लाइन अटैच कर दिया है।

**महिला किसानों ने की छेड़छाड़ की शिकायतः** गुदगांव ग्राम की महिला किसानों ने छेड़छाड़ और धमकियों के खिलाफ पुलिस से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थाना भैंसदेही में शिकायत दर्ज कराने पर भी उचित कार्रवाई नहीं होने का आरोप लगाया गया है।

#### पुलिस ने डांट कर भगाया

*आवेदिकाओं का कहना है कि आरोपी ने पूर्व में भी धमकियां दी थीं और थाने में शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। थाना भैंसदेही ने उनकी शिकायत पर ध्यान नहीं दिया और आवेदिकाओं को डांटकर भगा दिया। शिकायतकर्ता महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक से आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है।*

## डैम की क्षतिग्रस्त वॉल सुधारने ठेकेदार को नोटिस

**बैतूल।** विवेकानंद वार्ड के माचना डेम में पिछले वर्ष ही बनाई गई डैम की वॉल पहली बारिश में ही ढह गई। इसकी मरम्मत के बजाय साल भर नगरपालिका चौन की बांसूरी बजाते रही और जब धनोरा के पास पाईप क्षतिग्रस्त हुई तो पानी का कोई विकल्प न बचने के बाद डेम का गहरीकरण किया जा रहा है।

नगरपालिका में अधिकारियों को बेखबर रखकर माचना डैम के गहरीकरण का काम शुरू कर दिया गया था। इसके पहले गत वर्ष निर्माण की गई डैम की वॉल क्षतिग्रस्त होने पर सुधार काम नहीं किया गया। इसकी आम लोग भी आलोचना करते रहे, लेकिन नगरपालिका ने पानी स्टोर के लिए पोकलेन से डेम के गहरीकरण का काम शुरू कर दिया। 12 और 13 जून को पोकलेन ने काफी हिस्सा गहरा कर दिया, इसके बाद जागरूक नागरिकों ने यह मामला बताया था। 13 जून के अंक में डैम की वॉल क्षतिग्रस्त, सुधारने की जगह गहरीकरण कर रही नपा शीर्षक से समाचार प्रकाशित किया था। इसके अगले ही दिन पोकलेन से गहरीकरण का काम बंद कर दिया गया। माचना डैम पर पानी रोकने के लिए बनाई गई रिर्टनिंग वॉल का निचला हिस्सा क्षतिग्रस्त होने को एक वर्ष से अधिक का समय बीत गया। जब धनोरा में बंसल कंपनी ने ताप्ती बैराज से आई पाइप लाइन क्षतिग्रस्त की तो शहर में पानी के लिए हाहाकार मच गया, तब वैकल्पिक व्यवस्था की याद आई। 12 जून को डैम में पोकलेन उतारा। जब मामला विवादों में घिरा तो फिर तीसरी मर्तबा ठेकेदार को नोटिस जारी किया है। नपा के सूत्रों ने बताया कि अब भी अगर ठेकेदार वॉल की मरम्मत नहीं करता है तो उसे ब्लेक लिस्टेड किया जा सकता है।



**इनका कहना है**

पोकलेन से गहरीकरण का काम बंद कर दिया है। बारिश के पहले डेम की क्षतिग्रस्त वॉल को सुधारने प्रयास किए जा रहे है। ठेकेदार को तीसरी मर्तबा नोटिस जारी किया गया है। यदि ईई पूर्व में ही डिजाईन संबंधित फाईल सौंपते तो वॉल की काफी पहले मरम्मत हो जाती।

**ओमपाल सिंह भदौरिया,** सीएमओ, नगरपालिका, बैतूल

### तिलक लगाकर शिक्षकों ने किया विद्यार्थियों का स्वागत

## स्कूलों में हर्षोल्लास से मनाया गया प्रवेशोत्सव

**बैतूल।** गर्मियों की छुट्टी के बाद जिले के विभिन्न स्कूलों में मंगलवार 18 जून को उत्साह और धूमधाम के साथ प्रवेशोत्सव मनाया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों और शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शिरकत की। स्कूल चले अभियान के तहत स्कूल खुलने के पहले दिन शिक्षकों ने तिलक लगाकर विद्यार्थियों का स्वागत कर प्रवेश उत्सव मनाया गया। सुबह से शिक्षक प्रवेश उत्सव की तैयारियों में लगे थे। जैसे ही विद्यार्थी स्कूल समय पर स्कूल पहुंचना शुरू हुए। सभी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया और उन्हें प्रतिदिन नियमित स्कूल आने के लिए प्रेरित किया गया। 16 जून से स्कूलों की शुरूआत होनी थी, लेकिन इस दिन रविवार का दिन आ गया और अगले दिन 17 जून को ईद पर्व की छुट्टी थी, इसलिए सभी स्कूलों में 18 जून को प्रवेश उत्सव मनाया गया। पहली से लेकर 12वीं तक के स्कूल प्रारंभ हो गए है। शासन की तरफ से निर्देश आए थे कि स्कूलों की शुरुआत में प्रवेश उत्सव मनाया जाए और इसमें विद्यार्थियों का स्वागत करें, ताकि विद्यार्थी समय पर स्कूल आए और अध्ययन कार्य प्रारंभ कर सके। प्रवेश उत्सव के समय जिला शिक्षा कार्यालय और जिला शिक्षा केन्द्र से भी अधिकारी स्कूलों में पहुंचे और उन्होंने प्रवेश उत्सव का स जायजा लिया। जिले के प्राय सभी स्कूलों में प्रवेश उत्सव मनाया है।



#### पहले दिन रही कम उपस्थिति

*स्कूलों की भले ही शुरुआत हो गई, लेकिन पहले दिन विद्यार्थियों की उपस्थिति बहुत कम रही। कुछ स्कूलों के हालात तो यह थे कि इक्का- दुक्का ही विद्यार्थी पहुंचे, तो कुछ स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति अच्छी रही। प्रथम दिवस जो विद्यार्थी स्कूल पहुंचे है, उन्हें अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरित कर स्कूल आने के लिए कहा गया। शिक्षकों का कहना है कि धीरे-धीरे विद्यार्थियों की संख्या बढ़ते जाएगी। संभवत अगले जुलाई महीने से स्कूलों में सभी विद्यार्थियों का आना प्रारंभ हो जाएगा। कुछ विद्यार्थी गर्मियों की छुट्टी में बाहर घूमने जाने के कारण शुरुआत के दिनों में स्कूल नहीं आ पाते है। पालकों को भी बच्चों को समय पर स्कूल भेजने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।*

## जेल में निरुद्ध बंदियों को योग का प्रशिक्षण



**बैतूल।** जेल अधीक्षक योगेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि बंदियों के स्वास्थ्य एवं जीवन शैली पर सकारात्मक प्रभाव पड़ सके, इस हेतु बंदियों को योग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जेल में निरुद्ध बंदियों हेतु सात दिवसीय योग प्रशिक्षण सत्र 15 जून 2024 से प्रारंभ किया गया है, जिसका समापन अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 के अवसर पर समस्त स्टाफ एवं प्रशिक्षित बंदियों द्वारा सामूहिक रूप से योग क्रियाओं का प्रदर्शन कर किया जाएगा।

**शिक्षक शिक्षिकाओं को योग का प्रशिक्षण : शाहपुर।** सीएम राइज स्कूल के प्रांगण में शिक्षकों के द्वारा योग का प्रशिक्षण लिया गया। जिसमें विकासखंड योग प्रभारी नरेश मिश्रा रायपुर एवं शिक्षक गणेश बारस्कर और शिक्षक रमाकांत वर्मा के सहयोग से पीटीआई शिक्षक , अनिल सिंह ठाकुर की उपस्थिति में प्रशिक्षण शिक्षकों को दिया गया। विकासखंड योग प्रभारी नरेश मिश्रा ने बताया, कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस है। और इस दिन हायर सेकंडरी,हाई स्कूल, माध्यमिक शाला, और प्राथमिक शाला से कक्षा चौथी एवं पांचवी के बच्चों के द्वारा योग किया जाएगा। और यह कार्य कलेक्टर महोदय के निर्देशानुसार संपन्न किए जाएंगे। इसी समय योग का प्रशिक्षण लेने के लिए उपस्थित माध्यमिक शाला बरेठा से शिक्षिका अभिलाषा परसाई ने बताया की योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है।

### प्रकृति नें हमें जो दिया है वह अगली पीढ़ी को दें : खंडेलवाल

## महिला आईटीआई में किया गया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

नित्या सेवा समिति बैतूल के तत्वावधान में शासकीय एकलव्य महिला आईटीआई कोसमी में बुधवार को पौधरोपण कार्यक्रम में बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने आईटीआई कैंपस में समिति के सदस्यों, छात्राओं के साथ पौधरोपण किया। बैतूल विधायक नें आईटीआई की छात्राओं को एक-एक पौधे की जिम्मेदारी देकर उनका संरक्षण करने का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बैतूल विधायक खंडेलवाल ने कहा कि प्रकृति नें हमें जो दिया है वह अगली पीढ़ी को देने की जिम्मेदारी हमारी है। इसलिए सब मिलकर प्रकृति और पर्यावरण का संरक्षण करें। यदि हमनें प्रकृति की चिंता नहीं की तो अगली पीढ़ी हमें माफ नहीं करेगी। नित्या सेवा समिति द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यो की विधायक ने सराहना की, कहा कि पौधरोपण करनें के साथ ही उनका संरक्षण-सुरक्षा करना जरूरी है। तभी पौधरोपण सार्थक होगा।



**अपने भविष्य निर्माण के साथ राष्ट्र की तरक्की में दे योगदानः** आईटीआई की छात्राओं को संबोधित करते हुए बैतूल विधायक खण्डेलवाल नें कहा कि यह पढ़ाई का समय है इसलिए मेहनत से पढ़ाई कर बेहतर से बेहतर करनें का प्रयास करें। उन्होनें कहा कि मेहनत से पढ़ाई कर रोजगार हासिल कर अपना भविष्य निर्माण करनें के साथ ही परिवार, समाज और राष्ट्र की तरक्की में भी अपना योगदान दें। बैतूल विधायक नें कहा कि आधुनिक शिक्षा नीति में तकनीकि शिक्षा को बढ़ावा देने के प्रावधान है। उन्होनें कहा कि आधुनिक युग में जिन ट्रेडों की डिमांड है, तकनीकि संस्थानों में ऐसे रोजगारोन्मुखी ट्रेड संचालित कर विद्यार्थियों को स्किल्ड किया जाएगा।

#### पढ़ने के साथ घूमकर-देखकर सीखना भी बहुत जरूरी

*बैतूल विधायक नें आईटीआई की छात्राओं से कहा कि तकनीकि के क्षेत्र में पढ़ाई करने के साथ ही घूमकर और देखकर सीखना जरूरी है। उन्होंने आईटीआई की छात्राओं को जिले के पर्यटन क्षेत्र और इंड्रस्टिएल एरिया की विजिट करवाने की व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। विधायक ने कहा कि यहाँ की छात्राएं मेहनत से पढ़ाई कर प्रदेश और देश भर में जिले का नाम रोशन करें। उन्होनें छात्राओं को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनायें दी। कार्यक्रम में महिला आईटीआई के प्राचार्य आरएसपंडाग्रे, नित्या सेवा समिति के बलराम जसूजा, अनिल झाम,सुरेन्द्र कपूर, राजेश चौहान, हरीश गढेकर, बैतूल उद्योग संघ के अध्यक्ष ब्रज आशीष पांडे नागरिक बैक अध्यक्ष अतीत पॅवार, दीपक सलूजा आदि उपस्थित थे।*

### बरसात के पूरे मौसम में स्कूल नहीं जा पाते शिक्षक और बच्चे

# कीचड़ में सफर करने के बाद अजनेरी हाई स्कूल के विद्यार्थी हो रहे परेशान

मिडिल स्कूल अजनेरी के तीन कमरों में पढ़ाना पड़ता है हाई स्कूल अजनेरी 107 बच्चों को। गौर कीजिए कि वर्तमान सत्र में छात्रों की संख्या बढ़ने की स्थिति में क्या स्थिति बनेगी? हास्यास्पद है दुर्भाग्य पूर्ण विषय है कि करोड़ो की लागत से बनी बिल्डिंग का महज 4 महीने की उपयोग होता है । बाकी के दिनो मे ये इमारत कीचड़ की भेंट चढ़ जाती है।



**प्रस्ताव भेजा है जल्द काम लगेगा**

ग्राम पंचायत सरपंच प्रतिनिधि हिम्मत सिंह कुशवाहा ने बताया कि उक्त सड़क के लिए प्रस्ताव भेज दिया। सारी कागजी कार्रवाई पूर्ण है। बहुत जल्द काम लगेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶शोभापुर

प्रदेश भर में प्रवेश उत्सव का पहला दिन बच्चों के लिए नए सत्र के तौर पर काफी उत्साह भरा रहा । विद्यालयों में बच्चों का स्वागत हुआ तो शाम होते होते मानसून की पहली बरसात ने भी दस्तक दे डाली जो कि फसलों के लिहाज से भी काफी प्रफुल्लित करने वाला रहा है पर विडंबना और खेद से बताना पड रहा है कि जहां करोड़ो रुपए की लागत की बनी इमारत में बच्चे पढ़ने के लिए इसलिए तरस जाते हैं क्योंकि बरसात के दिनो मे उक्त हाई स्कूल अजनेरी तक पहुंचने का रास्ता कच्चा है जोकि बरसात के दिनो मे कीचड़ नुमा हो जाती है। स्कूल से जुड़े विद्यार्थियों ने बताया कि हाई स्कूल अजनेरी की बनी नई बिल्डिंग के लिए पहुंचने का रास्ता है जिससे बरसात के दिनो मे पैदल निकलना दूभर होता है। गांव में संचालित मिडिल स्कूल की बिल्डिंग में तीन कमरों में ही हम सभी छात्रों को पढ़ने के लिए मजबूर होना पड़ता है।

**107 छात्र अध्ययनरत है विद्यालय में**

हाई स्कूल प्राचार्य अजनेरी मुकेश दुबे ने बताया कि पिछले सत्र के अनुसार 107 छात्र दर्ज थे जिन्हे बरसात के दिनो मे मिडिल स्कूल की बिल्डिंग में पढ़ाना पड़ता है । प्रतिनिधि के अनुसार उक्त करीब 900 से 1000 मीटर लंबी सड़क का निर्माण शीघ्र प्रारंभ होने वाला है । हालाकि इस बात पर कौन विश्वास करेगा कि बरसात के दिनो मे काम चालू हो पाएगा और पूरा भी हो जायेगा।

# बारिश के पानी को धरती के गर्भ में पहुंचाने के लिए नपा के प्रयास जारी

### वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम से पानी बचाने के लिए दी जा रही जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी



बारिश के जल को धरती के गर्भ में पहुंचाने, नगर पालिका फिक्रमंद है और लगातार नगर पालिका अध्यक्ष और उनकी परिषद के साथ ही अधिकारी भी रैन वाटर हार्वेस्टिंग कार्यों की मॉनिटरिंग कर रहे हैं। जहां अध्यक्ष पर्यावरण और जल संरक्षण के लिए हरेक उस कार्यक्रम में, जहां वे जाते हैं, पौधरोपण और जल संरक्षण करने रैन वाटर हार्वेस्टिंग करने आग्रह करते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी ऋतु मेहरा ने भी मैदान संभाल रखा है। सरकारी भूमि पर लगे जेट पंप के पास वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की पहल का निरीक्षण करने वे वार्डों में जा रही हैं। पिछले ही दिनों उन्होंने वार्ड 17 में जाकर निरीक्षण किया। बरसात के मौसम के पहले ही नगर पालिका ने शहर के सभी 34 वार्डों में सरकारी भूमि पर बने जेट पंप के करीब से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की पहल शुरू की है। सीएमओ ने वार्ड 17 सोनासांवरी नाका, बैंक कॉलोनी और शिक्षक कॉलोनी में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण के तहत कराए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। बरसात में मिलने वाले जल का सदुपयोग हो सके, इसके लिए नगर पालिका जेट पंप के नजदीक से वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की व्यवस्था कर रही है। शहर के सभी 34 वार्डों में नगर पालिका कार्यालय की जल शाखा की टीम द्वारा इन दिनों वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के लिए गड्ढे खोदे गए हैं, जहां वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को व्यवस्थित करने की कवायद शुरू की गई है। जल शाखा टीम ने शिक्षक नगर कॉलोनी, बैंक कॉलोनी के साथ ही सोनासांवरी नाका क्षेत्र में विशेष रूप से आधा दर्जन स्थानों पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की शुरुआत की है। इतना ही नहीं आने वाले दिनों में शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में स्थित बड़े-बड़े व्यावसायिक परिसर और अन्य वार्ड क्षेत्र में बरसात के पानी को भूमि में संचित करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसके लिए सीएमओ ने नपा की जल शाखा टीम को निर्देशित किया है। उन्होंने नागरिकों से भी अपने-अपने घरों में वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने की अपील की है। वार्ड 17 के पार्षद प्रतिनिधि अभिषेक साहू ने भी बाढ़ क्षेत्र में सरकारी भूमि पर वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाने नगर पालिका का आभार माना तथा वार्ड वासियों से भी वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम को प्राथमिकता से लगाकर बरसात के पानी को संचित करने के प्रयास करने की अपील की है।

# विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही व लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं

### सभी योजनाओं और विकास कार्यों की समीक्षा बैठक में बोले विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया



मुख्यमंत्री की मंशा अनुरूप विधायक ठाकुरदास नागवंशी ने बुधवार को शासन के सभी विभागों में चल रहे विकास कार्यों और योजनाओं की समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी-कर्मचारी दस्तावेज के साथ मौजूद रहें। उन्होंने कुछ विभागों के अधिकारियों की उपस्थिति न होने पर कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही व लेटलतीफी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसी के अंतर्गत पिपरिया विधानसभा क्षेत्र के विधायक ठाकुरदास नागवंशी अनुविभागीय अधिकारी संतोष तिवारी तहसीलदार वैभव बैरागी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सुमन खातरकर नगर पालिका अधिकारी आरपी नायक लोक निर्माण विभाग एसडीओ पीके शर्मा, बीआरसी प्रदीप शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्रीलाल रघुवंशी उपस्थिति में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान विधायक ठाकुरदास नागवंशी के द्वारा महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी अनिल चौधरी से विधानसभा क्षेत्र में आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी आंगनबाड़ी केंद्र के भवन कितने बने हुए हैं कितने अधूरे पड़े हुए हैं तथा कितनों की आवश्यकता है इसी तरह से जनपद पंचायत द्वारा स्वच्छता शाखा प्रभारी का लाहोरिया से स्वच्छता परिसर शौचालय के बारे में जानकारी ली तो उन्होंने वर्ष 2021-22 के अधूरे पड़े कार्यों की भी जानकारी दी जिस पर अनुविभागी अधिकारी के द्वारा आपत्ति दर्ज कराई गई सिविल अस्पताल बीएमओ से शासन की संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी ली गई तो रिचा कटकवार के द्वारा सही जानकारी प्रदान नहीं की गई जिस पर अधिकारियों ने संतुष्टि जाहिर की वहीं पर आर ई एस प्रभारी एसडीओ को भी काफी फटकार लगाई क्योंकि उन्होंने भी कई जगह के कोई वैल्यूएशन नहीं किए हैं जिसके कारण खेल मैदान खेत तालाब आदि के कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। वहीं पर डोकरी खेड़ा डैम के कार्य की जानकारी लेने के लिए विधायक ने माझा वितरण नहर के एसडीओ से जवाब मांगा।

# गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य कराने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶सेमरीहरचंद

गत रविवार को जल जीवन मिशन अंतर्गत चल रहे नल जल योजना के कार्य में गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया जा रहा था। जिसमें बारीक धूल मिली घटिया गिट्टी से वॉल चेंबर बनाए जा रहे थे। हरिभूमि द्वारा इसकी खबर अखबार में प्रकाशित की गई थी जल जीवन मिशन के ठेकेदार द्वारा धीमी गति एवं गुणवत्ताहीन कार्य की सूचना पी एच ई के सब इंजीनियर दर्शन धुर्वे को दी गई। सूचना प्राप्त होने पर न पहुंचे उन्होंने गुणवत्ताहीन कार्य और धीमी गति से काम करने पर ठेकेदार से नाराजगी व्यक्त की। परंतु ठेकेदार द्वारा उन्हें भी गोल-मोल जवाब दिए गए। मौके पर कई ग्रामीण इकट्ठे हो गए जिन्होंने अधिकारियों को इस कार्य में होने वाली समस्याओं और अनियमितताओं से अवगत कराया वहीं ग्रामीणों ने बताया कि गांव की पूरी सड़क खराब कर दी है इन वॉल चेंबर के निर्माण में जो सामग्री लगी है वह ठीक नहीं है और कम मात्रा में




रेत और सीमेंट मिलाकर बनाए गए हैं। ग्राम के सरपंच प्रतिनिधि ने भी मौके पर पहुंच कर सब इंजीनियर धुर्वे से बात की और कहां की हमारे गांव में बहुत ही घटिया काम किया जा रहा है लोगों को पानी के लिए नलकूप खुदवाना पड़े परंतु 2 साल से ज्यादा समय हो गया है और अभी ठेकेदार द्वारा कार्य पूरा नहीं किया गया। सब इंजीनियर दर्शन धुर्वे ने जल जीवन मिशन के ठेकेदार के प्रबंधक को आवश्यक निर्देश दिए एवं जल जीवन मिशन के कार्य को गुणवत्ता पूर्वक शीघ्र पूर्ण करने के मौखिक रूप से आदेश दिए।

# गौड़ी मड़काढाना में निर्माणाधीन जैविक फॉर्म का अनापत्ति प्रमाणपत्र संदेहास्पद

### ग्राम पंचायत विछुवा का मामला है

हरिभूमि न्यूज ▶▶सोहागपुर



ग्राम पंचायत बिछुआ के ग्राम गौड़ी मडकाढाना में निर्माणाधीन कथित जैविक फॉर्म नागफनी के पौधे में उलझा नजर आ रहा है। उक्त ज़मीन खरीदने वाले नवल किशोर चौकसे इत्यादि ने बड़ी शातिरता से कागजी कार्यवाही करने का ढोल पीटते नजर आ रहे हैं लेकिन इन कागजी कार्यवाही की परत दर परत नए राज खोल रहा है । निर्माणाधीन कथित जैविक फॉर्म के दस्तावेजों के अनुसार ग्राम पंचायत बिछुआ के लेटर हेड पर उक्त फार्म को जैविक खेती , मत्स्य पालन इत्यादि के लिए एनओसी दी गई है। लेकिन उक्त प्रमाण पत्र जारी करने वालों में सरपंच धनबाई के अतिरिक्त किसी और शासकीय अधिकारी कर्मचारी के हस्ताक्षर नहीं है जो कि प्रमाण पत्र को कूट रचित तरीके से बनाने के संकेत दे रहा है। क्योंकि नियमानुसार ग्राम पंचायत के किसी अभिलेख में सरपंच और सचिव के संयुक्त रूप से हस्ताक्षर होते हैं जो कि मुकुंदलीला आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड बानापुरा को दिए प्रमाण पत्र में नहीं होना कई रहस्य छिपाए हैं। उक्त आर्गेनिक प्राइवेट लिमिटेड के दस्तावेजों में और भी कई तथ्य छिपे हैं जो कि ग्रामवासियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने जैसा है। विवाद की मूल जड़ सीमांकन है क्योंकि सीमांकन होने के बाद निजी भूमि और कब्जे वाली भूमि में किए गए निर्माण कार्यों की समीक्षा होगी और उसमे भी ये शामिल होगा कि इससे ग्रामवासियों का हित या अनहित क्या छिपा है। उक्त विषय बेहद गंभीर और ग्रामवासियों के कल के लिए खतरा है अतः इस और अब प्रशासन के साथ जागरूक नागरिकों की भूमिका महती हो गई है ताकि गौडी मढकाढ़ाना में निवास करने वाले लोगो का सपना सुंदर साकार हो।

**अभिलेख में सरपंच सचिव के संयुक्त हस्ताक्षर जरूरी**

जनपद पंचायत सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि ग्राम पंचायत के किसी भी अभिलेख में सरपंच और सचिव दोनो के संयुक्त हस्ताक्षर होना चाहिए ।

# आज कलेक्टर और सभी अधिकारी बच्चों को पढ़ाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी

मध्यप्रदेश शासन स्कूल शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में स्कूल चलें हम अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिले के सभी सरकारी स्कूलों में जिला स्तरीय अधिकारियों को एक कालखंड बच्चों का अध्यापन एवं मार्गदर्शन करना है। सूत्र बताते हैं कि कल 20 जून को कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना सीएम राइज स्कूल पवारखेड़ा में बच्चों को पढ़ाने जा सकती हैं। जिले के विभिन्न शासकीय स्कूलों में जिला स्तरीय अधिकारियों में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, जिला आपूर्ति नियंत्रक, जिला खनिज अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, उपसंचालक कृषि, महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी, जिला योजना अधिकारी, जिला रोजगार अधिकारी, तहसीलदार, सीएमएचओ, आरटीओ, सीईओ सहित करीब 84 अधिकारी जिले के विभिन्न स्कूलों में बच्चों को पढ़ाने जाएंगे। एसडीएम नर्मदापुरम शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय नर्मदापुरम, एसडीएम सोहागपुर शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक शाला शोभापुर, एसडीएम सिवनी मालवा शासकीय नेहरु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बानापुरा, सीएमओ नर्मदापुरम हेमेश्वरी पटले शासकीय हाईस्कूल ग्वालटोली में, सीएमओ इटारसी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला मेहरागांव, तहसीलदार इटारसी शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जुझारपुर सहित अनेक विभागों के अधिकारी विभिन्न स्कूलों में कल 20 जून को एक कालखंड में अध्यापन एवं मार्गदर्शन के लिए जाएंगे।

# जनप्रतिनिधियों के आतिथ्य में मनाया गया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶माखननगर

मंगलवार को मॉडल हायर सेकंडरी स्कूल माखन नगर में प्रवेश उत्सव मनाया गया। मां सरस्वती की पूजन अर्चन के बाद अभिभावकों और जनप्रतिनिधियों का स्वागत हुआ। इसके बाद जनप्रतिनिधि के रूप में शामिल हुए भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष मनीष चतुर्वेदी द्वारा शिक्षा मंत्री का अभिभावको के लिए संदेश का वाचन किया गया।

तत्पश्चात जनप्रतिनिधियों द्वारा बच्चो का तिलक लगाकर और फूल बरसाकर स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें निःशुल्क पुस्तकों का वितरण किया गया। कार्यक्रम मे जनप्रतिनिधि के रूप में स्वदेश मालवीय, प्रदीप कुमार शर्मा, मनीष चतुर्वेदी, प्रशांत सोनी, नीश सराठे, नीरांजना रावत पार्षद वार्ड नंबर 12, सुरेश यादव पार्षद वार्ड नंबर 15 शामिल हुए। कार्यक्रम में मॉडल स्कूल का समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का आभार प्राचार्या प्रीति झा एवं कार्यक्रम का संचालन सीएसी अमजद खान द्वारा किया गया।

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ मनाया बलिदान दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

नगर पालिका परिषद के द्वारा रानी लक्ष्मीबाई झांसी वाली रानी को याद करते हुए भाजपा कार्यालय में कार्यक्रम का विशाल आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि राज्यसभा सदस्य माया नारोलिया एवं महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष अर्चना पुरोहित के द्वारा कार्यक्रम की अध्यक्षता की गई विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता भगवान सिंह पटेल जनपद अध्यक्ष संध्या सिंगारे एवं अरविंद राय महिला मोर्चा की नगर मंडल अध्यक्ष नगर महामंत्री रेखा शर्मा उपाध्यक्ष ग्रामीण मंडल की अध्यक्ष एवं तमाम महिला मोर्चा की उपस्थिति में राज्यसभा सदस्य सांसद बनने के पहली बार पिपरिया आगमन पर माया नारोलिया का नागरिक सम्मान के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# एकीकृत स्कूल में किया पाठ्य पुस्तकों का वितरण




हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी

केसला आदिवासी विकास खंड के एकीकृत शासकीय हाईस्कूल ताकू में ग्राम सरपंच की उपस्थिति में प्राचार्य जेएल चौरे और एचएम जयराम सिंह ने प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शाला में सम्मान से प्रवेश दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को स्कूली पाठ्य सामग्री का वितरण सरपंच ताकू रजनी काजली, प्राचार्य श्री चौरे एवं एचएम सिंह के माध्यम से वितरण कराया। प्राचार्य श्री चौरे ने कक्षा नवमी से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के अभिभावकों के नाम जारी चिट्ठी में स्कूली शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षक प्रमोद राय, शिक्षिका सुनंदा नागले, उमेश कंठली, अनुराग तिवारी, अनुपमा तिवारी, कृतिका गौर, कीर्ति मिश्रा, रीना, गायत्री आदि मौजूद थे।

### सीएम राइज स्कूल पीपल मोहल्ला में मनाया प्रवेशोत्सव

# तिलक लगाकर किया वेलकम, बच्चों को बांटी पुस्तकें

हरिभूमि न्यूज ▶▶इटारसी




सीएम राइज स्कूल इटारसी में स्कूल चले अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव मनाया। इस दौरान विद्यार्थियों को निशुल्क पाठ्य पुस्तक प्रदान की। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि दीपक अठोत्रा, प्राचार्य एनपी चौधरी, उप प्राचार्य उपेंद्र साहू, प्रधान पाठक राम आशीष पांडे एवं केके मालवीय ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर स्वागत किया। उपस्थित सभी पालकों एवं विद्यार्थियों के साथ संवाद किया। मुख्य अतिथि श्री अठोत्रा ने सभी छात्रों, पालकों को नवीन सत्र की बधाई दी और बताया कि सभी भाग्यशाली हैं कि आप सीएम राइज स्कूल में पढ़ रहे हैं, कुछ महीनों बाद आप 41 करोड़ से बनने वाले नवीन भवन में अध्ययन करेंगे। उन्होंने विस्तार से स्कूल में मिलने वाली सुविधा के विषय में बताया और पालकों से भी सहयोग की अपेक्षा रखी कि आप अपने बच्चों से प्रतिदिन पढ़ाई के विषय में बातें करें एवं उन्हें किसी बात को लेकर डांट न लगाएं। आप अपने बच्चों के साथ जितना सहज रहेंगे, उतना बच्चे भी आपको हर सही गलत बातों को आपसे चर्चा करेंगे। आपको कोई शिकायत है, यदि तो आप सुझाव के रूप में कहेंगे तो कभी भी किसी को बुरा नहीं लगेगा, चाहे अपने बच्चों या स्कूल के संबंध क्यों न हो? उन्होंने कहा कि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा इस क्षेत्र में बहुत कार्य कर रहे हैं। नर्मदापुरम विधान सभा में तीन सीएम राइज स्कूल खुले हैं। शाला के प्राचार्य ने कहा कि विधायक प्रतिनिधि का मार्गदर्शन हमेशा मिलता रहा है, आप सभी पालक अपने बच्चों को प्रतिदिन शाला भेजें। उप प्राचार्य उपेन्द्र साहू ने पालकों से कहा कि आप प्रतिदिन छात्रों के गृह कार्य देखें पालकों के वाट्सएप ग्रुप में अपनी सहभागिता रखें। प्रधान पाठक पांडे ने माध्यमिक विद्यालय एवं केके मालवीय ने प्राथमिक विभाग के बारे में जानकारी दी।

# बिजली व्यवस्था हुई ठप, सारी रात 10 गांव डूबे रहे अंधेरे में

हरिभूमि न्यूज ▶▶आंचलखेड़ा

मंगलवार को हवा पानी के चलते क्षैत्र में रात भर बिजली व्यवस्था ठप्प रहीं जिसके चलते आस- पास के लगभग- 10 गांवो में बिजली नहीं रही रात-भर इन गांवों में अंधेरा छाया रहा गर्मी एवं तौंस के कारण रात भर लोग नहीं हो सके इधर बिजली विभाग के अधिकारी कर्मचारी की मानें तो उनका एक ही जबाब रहता है।

**लाइन फाल्ट हो गई है या फिर ऊपर से बिजली गई?**

कुल मिलाकर बिजली का मेंटेनेंस कागजों पर चलता है जमीनी हकीकत कुछ और ही रहती है इसका जीता जागता उदाहरण आंचलखेड़ा के आसपास के गांव में देखा जा सकता है कहीं ट्रांसफार्मरों पर तारों के मकड़जाल बने हुए हैं ,तो कहीं केबल लाइन टूटी लटक रही है इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि बिजली विभाग की जमीनी हकीकत क्या है और अधिकारी कर्मचारी जमीन मेंटेनेंस के नाम पर करते क्या हैं ।

# महाविद्यालय में मनाया जाएगा विश्व योग दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶माखननगर

श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय माखन नगर में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज से 10 वर्ष पूर्व संपूर्ण विश्व में 21 जून को विश्व योग दिवस मनाए जाने का आह्वान किया था इसी तारीख में प्रतिवर्ष 21 जून को संपूर्ण विश्व में योग दिवस मनाया जाता है। आयुक्त मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग व आयुष मंत्रालय के संयुक्त तत्वाधान में महाविद्यालयों को जारी दिशा निर्देश व दिए गए प्रोटोकॉल के तहत योग दिवस मनाये जाने हुए निर्देशित किया है।

## खबर संक्षेप

### 7 वाहनों पर कार्रवाई कर 18.500 रुपए वसूले

**हरदा।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देश पर बुधवार को परिवहन विभाग के दल द्वारा हरदा-बैतूल मार्ग एवं नर्मदापुरम-हरदा मार्ग पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी राकेश अहाके ने बताया कि बिना पंजीयन, अस्पष्ट रूप से पंजीयन क्रमांक, बिना बीमा, बिना पीयूसी तथा बिना फिटनेस व परमिट की जांच की। चेकिंग के दौरान 1 ओवरलोड डंपर एवं 6 अन्य वाहनों नियमानुसार चालानी कार्रवाई कर समन शुल्क 18.500 रूपये वसूल किया गया।

### रोजगार मेला आज आईटीआई में

**हरदा।** जिले के बेरोजगार युवाओं तथा पटाखा फैक्ट्री में प्रभावित हुए अग्नि पीड़ित परिवारों के सदस्यों को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि यह रोजगार मेला खंडवा रोड़ स्थित शासकीय आईटीआई हरदा में प्रातः 11 बजे से आयोजित किया जाएगा। मेले में प्रदेश की विभिन्न कम्पनियों द्वारा 300 युवाओं की भर्ती प्रशिक्षु कर्मी, मशीन ऑपरेटर एवं सुरक्षा गार्ड के पदों पर की जाएगी। मेले में शामिल होने के लिये न्यूनतम योग्यता 5वीं, 8वीं, 10वीं, 12 वीं, आईटीआई उत्तीर्ण है। मेले में 18 से 30 वर्ष तक की आयु के युवा सम्मिलित हो सकते है।

### जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आज

**हरदा।** जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को आयोजित होगी। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग पवनसुत गुप्ता ने बताया कि यह बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में अपरान्ह 4 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में वन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, कृषि, महिला एवं बाल विकास, जल संसाधन विभाग तथा ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग के अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश हैं।

### अतिक्रमण हटाकर किया सीमांकन

**रहटगांव।** ग्राम पंचायत फुलड़ी की 9.5 एकड़ भूमि जिस पर की ग्राम के लोगों का अतिक्रमण था। सीमांकित कर अतिक्रमण मुक्त कर ग्राम पंचायत को सौंपा गया। इस कार्यवाही में तहसीलदार रश्मि धुर्वे, आरआई पंकज खत्री ग्राम पटवारी थाना प्रशासन सरपंच प्रतिनिधि राजकुमार गौर ग्राम पंचायत सचिव सत्यनारायण गौर जनपद सदस्य सुदामा प्रसाद, अशोक पटेल, पप्पू पटेल, कैलाश गौर, नितिन गौर, प्राचार्य बी एस चंदेल, अरुण गौर, संतोष गौर, कमलेश गौर, महेश गौर, सियाराम गौर एवं ग्राम के अन्य नागरिक उपस्थिति रहे।

### अब कॉलेज में खुलेगा विद्यार्थी का एबीसी खाता

**सीहोर।** अब हर विद्यार्थी का एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) खाता खुलेगा। इसमें उसकी पढ़ाई का पूरा रिकॉर्ड रहेगा। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 ने सभी विद्यार्थियों के लिए यह अनिवार्य किया है। एबीसी एक प्रकार की बैंक है परीक्षा का रिकॉर्ड रहेगा।

---

प्रवेशोत्सव: जिला मुख्यालय स्थित मनुबेन स्कूल में कार्यक्रम

# अब सरकार बच्चों को स्कूलों में बेहतर सुविधा देने कर रही प्रयास: विधायक





हरिभूमि न्यूज ▶▶सीहोर

मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में नए सत्र की शुरुआत के साथ ही स्कूल चले हम अभियान के तहत प्रदेश के साथ ही सीहोर जिले में भी प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। जिला मुख्यालय स्थित मनुबेन सीएम राइज स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में सीहोर विधायक सुदेश राय शामिल हुए। यह कार्यक्रम तीन दिन तक चलेगा।

प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में विधायक सुदेश राय ने दीप जलाकर तथा बच्चों को तिलक लगाकर एवं पुष्प भेंट कर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्होंने बच्चों के पालकों को पुष्प भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों की बेहतर शिक्षा के लिए सभी आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने का काम कर रही है। आज शिक्षा के लिए सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं। बच्चों को पूरी लगन से मेहनत करना चाहिए ताकि उनका, परिवार का, जिले का और प्रदेश का नाम रोशन हो। उन्होंने बच्चों को बताया कि सीएम राईस स्कूल की शुरुआत केन्द्रीय कृषि मंत्री तथा प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने की है। इन विद्यालयों में आधुनिक संसाधन उपलब्ध हैं। प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि स्कूल टाइम जीवन का सबसे स्वर्णिम समय होता है। यह दोबारा जीवन में नहीं आएगा। इस समय का सदुपयोग कर गुरुजनों के मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम कर अपना और प्रदेश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर ने भी बच्चों को संबोधित किया। इस अवसर पर मनुबेन स्कूल के प्राचार्य दीप सिंह राठौर, सभी शिक्षक, अभिभावक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर में मनाया गया प्रवेशोत्सव

शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 1, सीहोर में प्रवेश उत्सव का गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में, विशेष अतिथि सत्यनारायण वारिश पार्षद नगर पालिका परिषद सीहोर एवं मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि गोपाल सोनी उपस्थित हुए। विद्यालय में प्रवेश उत्सव माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा पूरक परीक्षाओं के संचालन के कारण दोपहर 12 बजे आरंभ हुआ। सर्वप्रथम मानसी प्रजापति समूह ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत की मधुर प्रस्तुति दी अतिथियों के स्वागत के पश्चात डॉ. राजेंद्र देशमुख ने शिक्षा मंत्री का संदेश वाचन किया एवं देवेंद्र राय एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को वर्ष भर उत्साह के साथ लक्ष्य बनाकर सतत परिश्रम के लिए मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सोनी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मानव मूल्यों के प्रति समर्पित होकर अध्ययन करने हेतु प्रेरित किया। अध्यक्षीय उद्बोधन में संस्था प्राचार्य जैन ने पूरे वर्ष भर अनुशासित होकर परिश्रम सेअध्ययन करने के लिए मार्गदर्शन दिया।

---

अस्पताल में चल रहा था इलाज

# जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हरदा।** मंगलवार देर रात जिला अस्पताल में जहरीली पदार्थ का सेवन करने वाले युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई है। बुधवार सुबह जिला अस्पताल में मृतक के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर सुसाइड करने के कारणों की जांच शुरू की है। मिली जानकारी के अनुसार रहटगांव थाना क्षेत्र की टेमागांव चौकी के अंतर्गत आने वाले ग्राम भादूगांव का रहने वाला चन्द्रगोपाल गोंड जो कि चार बच्चों का पिता है। मंगलवार को उसने अपने परिजनों को उनकी रिश्तेदारी में हो रही शादी के लिए साटई गांव छोड़कर मंगलवार दोपहर को वापस आया था। उसके बाद दोपहर करीब एक बजे के आसपास उसने घर के पास ही एक पेड़ की छाव में बैठे अपने पिता को घर की चाबी देकर कहा कि उसने जहरीली दवाई खा ली है। जिसके बाद परिजन उसे तत्काल टिमरनी अस्पताल ले गए। जहां से डॉक्टर्स ने उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। जिला अस्पताल में भी डाक्टर्स ने उसकी गम्भीर हालत को देखते हुए उसे भोपाल रेफर कर दिया, लेकिन परिजनों ने उसे शहर के एक निजी अस्पताल ले गए। जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि युवक चार भाई बहनों में तीसरे नंबर का था जिसकी तीन बेटियां और एक बेटा है।

### जिला जेल में बंदियों को योगाभ्यास कराया



**हरदा।** जिला जेल हरदा में प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय हरदा शाखा की बीके किरण बहन एवं बीके राजेश भाई ने बुधवार को सभी बंदियों को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के तत्वाधान में योग अभियान के तहत योग की बारीकियां सिखाई। कार्यक्रम में बंदियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाने के बाद हस्ताक्षर अभियान के तहत हस्ताक्षर भी कराए गए। इस अवसर पर जेल अधीक्षक प्रभात कुमार, उप जेल अधीक्षक योगेश शर्मा भी उपस्थित थे।

---

टूथब्रशिंग पर्यवेक्षण होगा शुरू

# मध्यान्ह भोजन से पहले धोएंगे हाथ और बाद में साफ करेंगे दांत

**हरदा।** जिले के सरकारी स्कूलों में अध्ययनरत 5 से 10 वर्ष की आयु के बच्चों में दांत साफ करने के लिये टूथ ब्रशिंग की आदत डालने के उद्देश्य से टूथब्रशिंग पर्यवेक्षण कार्यक्रम प्रारम्भ किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत इस कार्यक्रम के लिये देश में सर्वप्रथम हरदा जिले का चयन किया गया है। जिला पंचायत के सभाकक्ष में बुधवार को आयोजित बैठक में कलेक्टर आदित्य सिंह ने कहा कि इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य व शिक्षा विभाग के अधिकारी कर्मचारियों की मुख्य जिम्मेदारी रहेगी। उन्होने कहा कि अगले 6 माह में जिले के प्राथमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 26523 बच्चों का तीन बार ओरल हेल्थ चेकअप किया जाएगा। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग संजय त्रिपाठी, प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी बलवंत पटेल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह के अलावा जनपद पंचायतों के सीईओ, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य संबंधित विभागों के जिला अधिकारी भी मौजूद थे। राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन भोपाल की डॉ. प्रतिभा अहिरवार ने बैठक में टूथब्रशिंग पर्यवेक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिले के अधिकारियों को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि अगले 6 महीनों में 5 से 10 वर्ष आयु वर्ग के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को मध्यान्ह भोजन से पहले हाथ धोने के साथ-साथ मध्यान्ह भोजन के बाद टूथ ब्रश नियमित




रूप से करने के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दांतों में खराबी आने और दांतों में दर्द रहने के कारण बच्चा कई तरह की पौष्टिक खाद्य सामग्री नहीं खा पाता है। बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सिंह ने बताया कि सरकारी स्कूलों में बच्चों को ओरल हेल्थ किट वितरित की जाएगी और स्कूल समय में मध्यान्ह भोजन के बाद टूथ पेस्ट व टूथ ब्रश का उपयोग करने का अभ्यास कराया जाएगा ताकि उनमें टूथब्रशिंग की नियमित आदत विकसित हो सके। इससे बच्चों के बीच दंत क्षय और मसूड़ों की बीमारियों में कमी आएगी। उन्होने बताया कि शहरी क्षेत्र में दंत चिकित्सक डॉ. पियूष दोगने और निकिता माहेश्वरी इस अभियान की मॉनिटरिंग करेंगे जबकि ग्रामीण क्षेत्र में 60 सामूदायिक स्वास्थ्य अधिकारी बच्चों में टूथ ब्रशिंग की आदत की मॉनिटरिंग करेंगे। बैठक में बताया गया कि जिले में कुल 530 प्राथमिक स्कूलों में 5 से 10 वर्ष तक की आयु के लगभग 26523 बच्चे अध्ययनरत है, जिनमें टिमरनी विकासखंड के 9422, हरदा विकासखंड के 8350 और खिरकिया विकासखंड के 8751 विद्यार्थी शामिल है।

---



## 21 को पेड़ीघाट पर सामूहिक योगाभ्यास

**हरदा।** कल शुक्रवार को को दसवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा के लिये कलेक्टर आदित्य सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन्होने निर्देश दिये कि कार्यक्रम के गरिमापूर्ण तरीके से आयोजन के लिये सभी आवश्यक तैयारियां की जाएं। उन्होंने कहा कि अजनाल तट पर स्थित पेड़ीघाट पर सामूहिक योग का कार्यक्रम आयोजित किया जाए और कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, योगाभ्यास से जुड़ी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, मीडिया प्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि मौसम की वर्तमान स्थिति को ध्यान में रखते हुए यदि कार्यक्रम के समय वर्षा होती है तो यह कार्यक्रम कृषि उपज मण्डी के शेड में आयोजित किया जा सकता है। जिला आयुष अधिकारी डॉ. अनिल वर्मा ने बैठक में बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम 21 जून को प्रातः 6 बजे से प्रारंभ होगा जिसमें अतिथिगण का आगमन एवं उद्बोधन के पश्चात राष्ट्रीय मुख्य कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया जाएगा। इसके पश्चात प्रातः 7 से 7:45 तक सामूहिक योग अभ्यास किया जाएगा। इस वर्ष योग दिवस ह्यस्वयं एवं समाज के लिए योग थीम पर आधारित होगा।

---

विश्व सिकल सेल दिवस पर कलेक्टरभव्या मित्तल बोलीं

# 1.90 लाख कराएंगे जांच 40 फीसदी पीड़ित को देंगे दिव्यांगता प्रमाण पत्र

**बुरहानपुर।** मप्र में बुधवार को विश्व सिकल सेल दिवस पर आयोजन हो रहे हैं। इसी के तहत बुरहानपुर जिला अस्पताल में भी जांच शिविर लगाया गया जिसमें बच्चों में सिकल सेल की जांच की गई। इस दौरान कलेक्टर भव्या मित्तल ने कहा-जितने भी बच्चे हैं उनको आज बुलाया है। अगर सिकल सेल डिसीज के कोई व्यक्ति 40 प्रतिशत उपर है तो डॉक्टरों की टीम, मेडिकल बोर्ड द्वारा जांच कर उन्हें निःशक्तता प्रमाण पत्र मिलता है। हमारे जिले में 20 दिव्यांगता प्रमाण पत्र दिए हैं। पीएचसी, सीएचसी में जांच भी चल रही है। जिले में अब तक 96 हजार लोगों की जांच हो चुकी है। उम्मीद है कि इस साल हम 1.90 लाख लोगों खासकर ट्रायबल में यह ज्यादा पाया जाता है उनकी जांच करेंगे और करियर है उस करियर का सर्टिफिकेट और जो पीड़ति हैं उनका उपचार जल्द चालू किया जा सके।

### जिला अस्पताल में जल्द शुरू होगी ब्लड बैंक यूनिट

कलेक्टर ने जिला अस्पताल में ब्लड बैंक का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कहा ब्लड बैंक का जो युनिट है वह 15 दिन में चालू होने की स्थिति में हैं। काम्पोनेंट सेपरेशन भी आ गई है। उम्मीद है कि जुलाई के दूसरे सप्ताह तक चालू कर लेंगे। ब्लड डोनेशन की फिसीलिटी काफी अपग्रेड हो चुकी है। जो लोग इच्छुक हैं वह ब्लड दे सकते हैं। शहर में तो काफी लोग, सामाजिक संस्थाएं ब्लड डोनेशन करते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों से भी हम ब्लड डोनेशन के लिए पंचायत सचिव और सीएचओ को इन्वॉल्व करेंगे। जनप्रतिनिधियों के माध्यम से भी आग्रह करेंगे कि सभी का मोटिवेट करेंगे। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सिसौदिया, सिविल सर्जन डॉ. प्रदीप कुमार मोजेश सहित अन्य मौजूद थे।

---

# अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से शुरू करेंगे आयोजन, 6 जुलाई तक निरंतर चलेंगे

**बुरहानपुर।** केंद्र में एनडीए की सरकार बनने के बाद भारतीय जनता पार्टी देशभर में विभिन्न आयोजन की शुरुआत करने जा रही है। इन कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने तीन कार्यक्रम टोलियों का गठन किया है। भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने ने बताया, प्रमुख तीन आयोजन के लिए 12 पदाधिकारियों को टोलियों में शामिल किया है।

परत्येक कार्यक्रम के लिए चार-चार पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है। भाजपा जिलाध्यक्ष ने बताया 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। योग दिवस के लिए भाजपा के जिला मंत्री संभाजी सगरे, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष किरण रायकवार, पूर्व नपाध्यक्ष राजेश चौहान, सोनू भावसार को नियुक्त किया है। 23 जून को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि के लिए जिला महामंत्री चिंतामन महाजन, सुभानसिंह चौहान, राहुल जाधव और किशोर पाटिल को नियुक्त किया है। 25 जून को आपातकाल दिवस के लिए वरिष्ठ बलराज नावानी, जिला उपाध्यक्ष विपुल कानूगो, आदित्य प्रजापति और संतोष राखेंडे को टोली में नियुक्त किया है।

### एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम 23 जून से

जिला मीडिया प्रभारी संजय वारुड़े ने बताया- भारतीय जनता पार्टी जिले में 6 जुलाई तक विविध कार्यक्रम कराएगी। 21 जून को मंडल स्तर पर, सभी मोर्चा, प्रकोष्ठ जिला स्तर पर योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। 23 जून को जिले के प्रत्येक बूथ पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी का स्मृति दिवस मनाया जाएगा। जिला स्तर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी पर गोष्ठी का आयोजन होगा। इसी दिन से एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण करेंगे। यह आयोजन 6 जुलाई तक बूथ स्तर पर किया जाएगा। 25 जून को आपातकाल का काला दिवस के रूप में मनाया जाएगा। 30 जून को जिलेभर में कार्यकर्ता मन की बात का लाइव प्रसारण सुनेंगे।

---

# मलेरिया ट्रांसमिशन की अवधि को सुरक्षित करने के लिए 2 चक्रों में किया जाएगा छिड़काव

हरिभूमि न्यूज ▶▶खंडवा

राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ. पी. जुगतावत के निर्देशन में विगत वर्ष 2023 में मलेरिया प्रभावित ग्राम ललवाड़ा (सबसेंटर भकराडा ब्लॉक जावर) में पिछले वर्ष के एपीआई के आधार पर (1 एपीआई से अधिक) होने के कारण संचालनालय की गाइडलाइन अनुसार अल्फासाइपर मैथ्रिन 5 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. से आईआरएस अंदरूनी अवशिष्ट छिड़काव कार्य किया जा रहा है। जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि छिड़काव मलेरिया ट्रांसमिशन के पूर्व एवं परजीवी वाहक की अधिकतम उत्पत्ति की समयावधि में छिड़काव कार्य संपन्न किया जाता है, जिससे कि मलेरिया ट्रांसमिशन की पूरी अवधि को सुरक्षित किया जा सके। उन्होंने बताया कि छिड़काव दो चक्र में किया जाना है। प्रथम चक्र 19 जून से 21 जून 2024 तक एवं द्वितीय चक्र 1 सितंबर से 3 सितंबर 2024 तक रहेगा।

---

विवाह से पहले लड़का व लड़की की एनीमिया की जांच करवाएं

# विश्व सिकल सेल दिवस के पर किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ▶▶खंडवा

विश्व सिकल सेल दिवस के अवसर पर बुधवार को जिला डिण्डोरी में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का सीधा प्रसारण मेडिकल कॉलेज सह जिला अस्पताल खंडवा के ब्लॉक में देखा गया। कार्यक्रम में महापौर अमृता यादव, नगर निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा, छैगांवमाखन जनपद अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सावनेर, एम.आई.सी. सदस्य राजेश यादव, सेवादास पटेल, कलेक्टर अनूप कुमार सिंह, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शैलेन्द्र सिंह सोलंकी सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण मौजूद थे। इस दौरान उपस्थित अतिथियों ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में महापौर यादव ने जनसमुदाय को अपने स्वास्थ्य के प्रति देखभाल करने व समय समय पर सभी प्रकार की जांच करवाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रथम सुख निरोगी काया ही है, हमारा स्वस्थ्य शरीर ही सबसे बड़ा सुख है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर ऐसे कार्यक्रम व अभियान का आयोजन कर जनमानस में स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता लाना व स्वास्थ्य लाभ दिया जाता है।

### सिकल सेल एनीमिया अनुवांशिक

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ओ.पी. जुगतावत ने कार्यक्रम के बारे में बताया कि सिकल सेल एनीमिया एक अनुवांशिक बीमारी है, इसलिए विवाह से पहले लड़का व लड़की का सिकल सेल एनीमिया की जांच करवायी जाना आवश्यक है। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में निःशुल्क जांच की जा रही है। इस बीमारी में रोगी के लाल रक्त कोशिकाएं हँसिए के आकार में परिवर्तित हो जाती है। अंग्रेजी में हँसिए को सिकल कहा जाता है। सिकल सेल से फेफड़े, हृदय, गुर्दे, लीवर व अन्य आवश्यक अंगो के खराब होने का अंदेशा रहता है। जोड़ों मे सूजन या दर्द होना, पित्ताशय की पथरी, बार-बार बुखार या जुकाम होना, तिल्ली का बढ़ जाना, लीवर पर सूजन आना, बच्चों का विकास न होना, रोग प्रतिरोधक शक्ति घटने से दूसरी बीमारियों का आसानी से होना आदि, इस बीमारी के लक्षण है। इस दौरान सी.एम.एच.ओ. डॉ. जुगतावत ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया के मरीज को दिन भर में जितना संभव हो सके ज्यादा से ज्यादा पानी पीना चाहिए। प्रतिदिन एक गोली फॉलिक एसिड की जरुर लेनी चाहिए, जो एनीमिया को कम करेगी और खून में नई लाल रक्त कोशिका बनाने में मदद करेगी। उल्टी-दस्त और पसीने के द्वारा शरीर का ज्यादा पानी बाहर निकल जाता हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। शराब धुम्रपान या अन्य नशायुक्त चीजों का सेवन न करें। जिले में जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र व ग्राम स्तर पर हैल्थ एवं वैलनेस सेंटर पर 40 वर्ष तक के नागरिकों की निःशुल्क सिकल सेल एनीमिया की जांच की जा रही है। विश्व सिकल दिवस के कार्यक्रम में स्वास्थ्य शिविर में विभिन्न ग्रामों से आये सिकल सेल एनीमिया के मरीजों की निःशुल्क जांच कर दवाई वितरित की गयी है। शिविर में 435 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा हितग्राहियों को जेनेटिक कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य व आयुष विभाग द्वारा प्रदर्शनी लगाकर आमजनों को जानकारी देकर पम्पलेट वितरित किए।

---

# राज्य सेवा और राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 23 जून को दो पाली में आयोजित होगी

**सीहोर।** मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा वर्ष-2024 का आयोजन 23 जून को जिला मुख्याल के 06 परीक्षा केन्द्रो पर प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक एवं दोपहर 2:15 बजे से सायं 4:15 बजे तक आयोजित होगी। प्रारंभिक परीक्षा से संबंधित सामग्री जिला कोषालय के दृढ कक्ष से परीक्षा केन्द्रों तक पहुंचाने एवं परीक्षा समाप्ति पश्चात परीक्षा केन्द्रों से मुहरबंद सामग्री प्राप्त कर जिला कोषालय के दृढ कक्ष में रखवाने की व्यवस्था के लिए कलेक्टर प्रवीण सिंह ने अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा जारी आदेशानुसार नायब तहसीलदार अर्पिता मेहता, शा० सुभाष उ०मा०वि० के आशीष शर्मा, को परीक्षा केन्द्र केन्द्रीय विद्यालय, शा. कन्या महाविद्यालय और शा. चन्द्रशेखर स्नातकोत्तर महाविद्यालय के लिए नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार प्रभारी तहसीलदार श्याम नंदन चन्देले, बीएसी, जनपद शिक्षा केन्द्र के सुरेन्द्र यादव को नूतन बाल विद्या मंदिर हायर सेकंडरी स्कूल, शा. उत्कृष्ट उमावि क्र०-1 और शा. महारानी लक्ष्मीबाई गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल के लिए नियुक्त किया गया है। अधिकारी कर्मचारी प्रातः 7 बजे जिला कोषालय में उपस्थित होकर कक्ष से परीक्षा केंद्रों तक सामग्री पहुंचाने एवं परीक्षा केंद्रों से मुहरबंद सामग्री लाकर कक्ष में जमा करना सुनिश्चित करेंगे।

---

पुलिस ने की कार्रवाई

# पलासी में नाबालिग की हत्या के तीनों आरोपी को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶खंडवा

खंडवा जिले के पलासी गांव विकासखंड छैगांव माखन में 16 वर्षीय बालक अंकित की हत्या का मामला सामने आया है। तीन दिन पहले एक विवाद के दौरान उसे लाठी और सब्बल से पीटा गया था, जिसके बाद इलाज के दौरान इंदौर में उसकी मौत हो गई। इस मामले में गांव के शंकर गुर्जर और उसके दो दामाद प्रवीण और विशाल को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक मनोज राय ने बताया कि रविवार शाम को, शंकर गुर्जर और हेमू गुर्जर के बीच फोन पर कहासुनी हुई थी। इसके बाद शंकर गुर्जर ने अपने रिश्तेदारों को बुलाकर हेमू के घर हमला कर दिया। हमलावरों के हाथ में मोटा लट्ठ (बैलगाड़ी का खरालिया) और लोहे की सब्बल थी। हेमू का भांजा अंकित घर के बाहर खड़ा था, और हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया। महिलाओं ने शोर मचाया, जिसके बाद गांव वाले इकट्ठा हो गए। हमलावरों ने धमकी दी कि जो भी बचाने आएगा उसे मार डालेंगे। अंकित के सिर और छाती पर सब्बल से गंभीर चोटें आईं। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल अंकित को पहले धनगांव अस्पताल, फिर खंडवा और अंततः इंदौर रेफर किया। बुधवार सुबह इलाज के दौरान अंकित की मृत्यु हो गई।

### इनका कहना है

धनगांव टीआई विजय वर्मा के अनुसार, तीनों आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। हंगामे की संभावना को देखते हुए गांव में पुलिस तैनात कर दी गई है।

**टीआई विजय वर्मा,**
धनगांव पुलिस स्टेशन खंडवा